टीएसवीएस के स्टूडेंट्स ने बॉलीवुड की फिल्मों से सीखे मैनेजमेंट के फंडे

यंग इंडियन भोपाल चेप्टर के अनुज गर्ग और मनीष ललवानी ने दिया गाइडेंस

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

इंटरैक्टिव सेशन में स्टूडेंट्स को टिप्स देते एक्सपर्ट।

फिल्में भारत में एंटरटेनमेंट का एक बड़ा जरिया हैं, लेकिन कुछ फिल्में अक्सर अपने विषयवस्तु से इंसान को एक सीख देकर जाती हैं, जो लंबे समय तक साथ रहती हैं। द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) में एक ऐसे मैनेजमेंट लेसन का आयोजन किया गया, जिसमें यंग इंडियन भोपाल चेप्टर के अनुज गर्ग और मनीष ललवानी ने फिल्म दंगल के साथ स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट लेशंस रिवाइज करवाए।

इस इंटरैक्शन में स्टूडेंट्स को बताया गया कि, एक लंबा वक्त रहा है जब स्टूडेंट्स ने मैनेजमेंट ट्रिक्स केस स्टडीज, कॉम्पीटिशंस और रियल वर्ल्ड एक्सपीरियंस से सीखे हैं। लेकिन, दंगल, चक दे इंडिया, लक्ष्य जैसी मूवीज भी ऐसे प्रेक्टिकल एक्सपीरियंस देकर जाती हैं, जिनको देखकर क्रिएटिव अप्रोच मैनेजमेंट स्किल्स सीखी जा सकती है। इस सेशन में स्पीकर्स ने स्टूडेंट्स को कुछ महत्वपूर्ण मैनेजमेंट मंत्र जैसे ड्रीम मैनेजमेंट, प्रतियोगिता में विश्वास रखना, सही को कैसे आगे बढ़ाना है, शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म गोल्स कैसे सेट करने हैं, इसके टिप्स दिए। इस इंटरैक्टिव सेशन में स्टूडेंट्स ने अपने गोल्स सेट किए और इन मैनेजमेंट टिप्स को इन गोल्स को सेट करने में तुरंत इम्पलीमेंट करके भी देखा।